साई श्रद्धा से हमने तेरे यश को गाना है

साई श्रद्धा से हमने तेरे यश को गाना है,
मालिक है इक सब का हम सब ने माना है ,,
साई श्रद्धा से हमने तेरे यश को गाना है,

तेरे नाम की ज्योति से सब जग उजियारा है ,
चंदा हो या सूरज हो बस तेज तुम्हारा है,
तेरे सेह की छाया में जीवन ये बिताना है,
मालिक है इक सब का हम सब ने माना है ,,
साई श्रद्धा से हमने तेरे यश को गाना है,

दुनिया में भवर जितने तेरा नाम सहारा है,
इस प्रेम की नैया ने हमे पार उतारा है,
झूठे है सभी रिश्ते सच अब ये जाना है
मालिक है इक सब का हम सब ने माना है ,
साई श्रद्धा से हमने तेरे यश को गाना है,

डाली हर फूल में तू कण कण में समाया है,
वीरान था ये जीवन कुल तूने बनाया है,
श्रद्धा के गुलशतान में साई तुम को बिठाना है,
मालिक है इक सब का हम सब ने माना है ,,
साई श्रद्धा से हमने तेरे यश को गाना है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11869/title/sai-shrdha-se-humne-tere-yash-ko-gana-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |